भारत सरकार
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 191

उत्तर देने की तारीख 06 दिसम्बर, 2013

दूरसंचार कंपनियों द्वारा निष्क्रिय उपभोक्ताओं के नंबर पर सेवा समाप्त करना

191. श्रीमती टी. रत्नाबाई :
श्री मोहम्मद अली खान :

क्या संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में एमटीएनएल और बीएसएनएल सहित दूर संचार कंपनियों ने प्रत्येक राज्य में लागत में बचत करने के लिए निष्क्रिय उपभोक्ताओं के नंबर पर सेवा समाप्त कर दी है; और

(ख) यदि हां, तो गत पांच वर्षों के दौरान तत्संबंधी दूर संचार कंपनी-वार ब्यौरा क्या है ;

उत्तर

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मिलिंद देवरा)

(क) जी, नहीं। निष्क्रिय नंबरों पर सेवा इस आशय से समाप्त की जाती है ताकि दुर्लभ नंबर संसाधनों का कुशल प्रयोग हो सके और लागत में बचत करने के आशय से उक्त सेवा समाप्त नहीं की जाती है। ऐसा प्रयोग न होने वाले नम्बरों को निष्क्रिय करने के संबंध में ट्राई के विनियमन के अनुसार किया जाता है।

(ख) उपर्युक्त (क) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

*****